# शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने **शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों से संपर्क कर** उनकी मांगों का समाधान खोजने के लिये प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति बनाने का प्रस्ताव रखा था।

## मुख्य बिंदु:

- शीर्ष न्यायालय हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें **पंजाब और हरियाणा** उच्च न्यायालय के उस निर्देश को चुनौती दी गई है जिसमें अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह के भीतर बैरिकेड्स हटाने का निर्देश दिया गया है, जहाँ किसान 13 फरवरी, 2024 से डेरा डाले हुए हैं।
    - फरवरी में हरियाणा सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मज़दूर मोर्चा की दिल्ली तक मार्च की योजना के जवाब में **अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग** पर बैरिकेड्स लगा दिये थे।
        - वे फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price- MSP) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों की वकालत कर रहे थे।
- सुरक्षा बलों द्वारा **उनके मार्च को रोक दिये जाने के बाद** फरवरी से ही किसान पंजाब और हरियाणा के बीच **शंभू तथा खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं।**

# न्यूनतम समर्थन मूल्य
# Minimum Support Price (MSP)

**वह दर जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है; किसानों द्वारा वहाँ किये गए उत्पादन लागत के कम-से-कम 1.5 गुणा की गणना के आधार पर**

- **सिफारिश:**
- **'कृषि लागत और मूल्य आयोग' (CACP)** द्वारा सरकार को 22 अधिदिष्ट फसलों के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) तथा **गन्ने के लिये 'उचित और लाभकारी मूल्य' (FRP) की सिफारिश की जाती है।**
- **22 अधिदिष्ट फसलें :**

  (14 खरीफ, 6 रबी और 2 अन्य वाणिज्यिक फसलें)
- **7 अनाज**- धान, गेहूँ, जौ, ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी
- **5 दालें**- चना, अरहर/तूर, मूंग, उड़द और मसूर
- **7 तिलहन**- मूंगफली, सफेद सरसों/सरसों, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, कुसुंभ और रामतिल
- **कच्चा कपास**
- **कच्चा जूट**
- **नारियल/गरी (कोपरा)**

**MSP वह मूल्य है जिस पर सरकार को किसानों से अधिदिष्ट फसलों की खरीद करनी होती है, यदि बाजार मूल्य इससे कम हो जाता है**

- **MSP की सिफारिश में प्रयुक्त कारक:**
  - फसल की खेती में आने वाली लागत
  - फसल के लिये आपूर्ति एवं मांग की स्थिति
  - बाजार मूल्य प्रवृत्तियाँ
  - अंतर-फसल मूल्य समता
  - उपभोक्ताओं के लिये निहितार्थ (मुद्रास्फीति)
  - पर्यावरण (मिट्टी तथा पानी के उपयोग)
  - कृषि एवं गैर-कृषि क्षेत्रों के बीच व्यापार की शर्तें
  - MSP की सिफारिश करते समय **CACP** द्वारा **'A2+FL'** और **'C2'** दोनों लागतों पर विचार किया जाता है।
  - **MSP का कोई वैधानिक समर्थन प्राप्त नहीं है - कोई भी किसान अधिकार के रूप में MSP की मांग नहीं कर सकता है**

दृष्टि The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/status-quo-at-shambhu-border